MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That clause 1, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 1, as amended, was added to the Bill.*

**Enacting Formula**

*Amendment made*:

Page 1, line 1, *for* "Eighteenth" *substitute* "Nineteenth" (1)

(*Shri Vidya Charan Shukla*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.*

*The Title was added to the Bill.*

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

*The motion was adopted.*

---

**15.09 hrs.**

DISPLACED PERSONS (COMPENSATION AND REHABILITATION) AMENDMENT BILL

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI D. R. CHAVAN): Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, be taken into consideration."

Sir, as the statement of objects and reasons appended to the Bill makes it clear, it is not the intention to introduce any change of substance or procedure in the law governing payment of compensation to displaced persons. The Bill merely seeks to validate the action that has already been taken, in order to bring the position in line with the judicial pronouncement made by the Punjab High Court some time ago in May 1964 in a writ petition.

The proposed legislation governs the cases of those displaced persons whose properties were subject to mortage in favour of residents in West Pakistan. While determining the amount of compensation due to such dispaced persons in respect of the immovable properties left by them in West Pakistan, deductions were made corresponding to the mortgage charge on those properties. This was done in accordance with the decision taken in the meeting of the Joint Rehabilitation Board (consisting of representatives of the Central Government, Governments of East Punjab and Pepsu States) held at Simla in May 1952. Apparently, it was not considered necessary at that time to make a specific provision in this regard in the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the position having been regulated by the issue of executive instructions only. The Punjab High Court's judgment has made it necessary, however, to make good that omission.

Sir, I might add here that provision for the purpose for making deduction on account of the mortgage charge on properties, already exists in the Act where both the mortgagor and the mortgagee had come over to India as displaced persons, *vide* Section 7 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act 1954 read with Section 16(3) of the Displaced Persons (Debts Adjustment) Act, 1951. Under the latter Section, the debt of the mortgagor displaced person, as due to the mortgagee displaced person has to be reduced in the same proportion as the compensation payable in respect of the property bears to the value of the verified claim in respect of the property, and the amount of debt thus arrived at is deducted from the compensation due to the mortgagor. The same principle

(Shri D. R. Chavan).

has in actual practice been followed in the cases which are now sought to be regularised by the proposed legislation. Where the property allotted in India to the mortgagor displaced person is agricultural land, he is allowed an option either to retain the property on his paying in cash the amount of debt so deductible, or to surrender the portion of the property of a value equivalent to the amount of such deduction. On failure of payment of such amount, it is proposed to make the amount recoverable in the same manner as arrears of land revenue.

In the erstwhile State of Punjab, about 23,500 cases of displaced persons whose lands were mortgaged with the residents in West Pakistan were decided on the basis of executive directions. Land worth about Rs. 35 lakhs is estimated to have been redeemed by the mortgagors, while an area worth about Rs. 40 lakhs has been retrieved for non-payment of the mortgage debt. On a rough basis, it is felt that if the proposed legislation is not undertaken, Government may be faced with claims involving refund of about Rs. 1 crore, besides the reopening of the numerous cases finalised in the past. Under these circumstances, it has become necessary to amend the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, to provide for deduction from the compensation payable to the displaced persons on account of the mortgage charge, and to give retrospective effect to the provision.

Sir, this is a simple measure and I commend the acceptance of this Bill by the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954 be taken into consideration."

SHRI G. S. DHILLON (Taran Taran): Mr. Deputy-Speaker, Sir, it is very good that this amendment has finally come to Parliament and will be agreed to. Many cases which were covered by the executive orders were questioned and by this enactment they will be given a legal shape. I just wanted to ask a question from the Minister as to what will be the position in the case of Muslims who had mortgaged their lands to non-Muslims in this part of the country? Of course, we have covered the cases of lands mortgaged by non-Muslims to the Muslims. But what about the cases of Muslims who had mortgaged their lands to the non-Muslims?

Those people had finally been given those records of their mortgages, Rahin Miadi, Rahin Mustajari and other cases, and a period of more than 20 years has passed in many cases but still they have neither been given any compensation nor occupation or possession or ownership of those lands. So, I request the hon. Minister of Rehabilitation that a reciprocal arrangement should also be reached at some sort of an understanding, between the parties so that such cases should also be covered in future. I know that it is not possible in this amendment but he should keep it in mind so that at some future date these cases may be discussed with the Pakistan Government and the refugees who came over to this side or non-Muslims who are holding those records are also given proper compensation or relief by way of deductions.

श्री श्रीचन्द गोयल (चण्डीगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश में पुनर्वास और मुआवजा देने का प्रश्न भारत के विभाजन के बाद अत्यन्त महत्व का प्रश्न बना और उस के लिए जिस विधेयक के द्वारा आज मंत्री महोदय ने संशोधन उपस्थित किया है, हाई कोर्ट के निर्णय के बाद जिस स्थिति का निर्माण हुआ उस की नितान्त आवश्यकता थी। इस दृष्टि से मैं इस का स्वागत करता हूं। लेकिन इस अवसर पर मैं मंत्री महोदय

का ध्यान पुनर्वास और मुआवजा देने की उस स्थिति की तरफ दिलाना चाहता हूं जिन में अनेकों ऐसे केसेज हैं जिन का अभी पुनर्वास नहीं हो सका या जिन को मुआवजा नहीं मिल रहा है ।

पुराने इतिहास को हम छोड़ दें तो अभी कुछ वर्ष पहले पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के आपसी संघर्ष के अन्दर पंजाब की सीमा पर अनेकों स्थानों पर लोग उजड़े, उन की सम्पत्ति नष्ट हुई, उन के घर घाट नष्ट हुए, वहां के जो उद्योग धन्धे थे उन का भी विनाश हुआ । पंजाब ने सारे भारत के लिये जिस प्रकार से बलिदान दिया, जिस साहस के साथ दुश्मन के साथ लोहा लिया, उस को देखते हुए केन्द्रीय सरकार का ध्यान पंजाब की ज्यादा से ज्यादा सहायता करने की तरफ निश्चित रूप से जाना चाहिये था । मुझे मालूम है कि हमारे श्री ढिल्लन उस समय मंत्रिमंडल में थे और उन्होंने भी बड़े से बड़ा प्रयत्न किया कि भारत सरकार से उचित सहायता पुनर्वास के लिये और मुआवजा के लिये उन को मिलनी चाहिये । लेकिन वह मिली नहीं । आज तक वहां के उद्योग पुनर्स्थापित नहीं हो सके । वहां पर ऐसे केसेज हैं जिनका पुनर्वास आज तक नहीं हो सका । मैं विशेषकर खेमकरण् क्षेत्र की समस्या की ओर मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं और इस अवसर का लाभ उठाकर उन से प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिन पंजाब के वीरों ने जिन पंजाब के नौजवानों ने देश की आजादी की रक्षा के लिये बड़ी से बड़ी कुर्बानी की है कम से कम उन के पुनर्वास के लिए और वहां के जो उद्योग हैं उन को पुनर्स्थापित करने के लिये सरकार फराखदिली के साथ और ज्यादा से ज्यादा सहायता दे कर इस मसले को हल करे ।

जहां तक बिल का ताल्लुक है मैं इस का स्वागत करता हूं ।

**श्री देवराव पाटिल** (यवतमाल): उपाध्यक्ष महोदय, यह जो अमेंडिंग बिल है उस के बारे में मैं ने कुछ संशोधन दिये हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: It was submitted very late. It is not admissible. Whatever you have got o say you can say that.

**श्री देवराव पाटिल** : इस के बारे में मेरा सुझाव यह था कि जो कम्पेन्सेशन के केसेज हैं, जिन के सम्बन्ध में यह कानून लाया जा रहा है, उस में डिस्प्लेस्ड पर्सन्स के लिये बिल में तीन महीने की सीमा पैसा देने के लिये रक्खी है । अगर पैसा नहीं दे सकते हैं तो उतनी ज़मीन दे दें । मेरा कहना यह है कि इतने सालों के बाद अगर गवर्नमेंट उनको रकम वापिस करने के लिए कहना चाहती हैं । तो उन को ऐसा करने के लिये उसे कम से कम एक साल का समय तो देना चाहिये । मंत्री महोदय तो तीन महीने का ही समय दे रहे हैं । आप कहेंगे कि रूल्ज में इस मुद्दत् को बढ़ाया जा सकता है ।

> "Within three months of the determination thereof or such longer period as may be prescribed......".

> "As may be prescribed" means as prescribed by rules.

मतलब यह है कि रूल्ज में प्रेसक्राइब करने के बजाय इसी में इसका प्राविजन आपको कर देना चाहिये ।

**15.20 hrs.**

[SHRI G. S. DHILLON *in the Chair*]

बिल में कहा है कि सैटलमैंट कमिश्नर जब उन के केसिस को ट्राई करने के लिए डिस्प्लेस्ड परसन को बुलायेगा तो वह उनको नोटिस देगा । मेरा कहना यह है कि डिसप्लेस्ड परसंज को बुलाया जाना चाहिये । और उन को हीयरिंग दी जानी चाहिये । उनका जो कहना है उसको सुना जाना

[श्री देवराव पाटिल]

चाहिये । ये मेरे दो सुझाव थे जिन पर आप को विचार करना चाहिये।

पुनर्वास के सम्बन्ध में मैं एक और बात कहना चाहता हूं । उनका रिहैबिलिटेशन करना गवर्नमेंट की जिम्मेदारी थी । वह आज तक भी उन का पुनर्वास नहीं कर पाई है । उस को चाहिये कि वह इस काम को तेजी से करे ।

आपको मालूम होगा कि सिन्धी लोग जो उजड़ कर आए थे उन की संख्या चौदह लाख से भी अधिक हैं । लेकिन उन में से कई ऐसे लोग हैं कि जिनका पुनर्वास नहीं हुआ है । मेरे पास कई केसेज इस तरह के हैं । मेरे पास अभी भी एक टेलीग्राम आया है । उनको अभी भी पुनर्वास के लिये जमीन नहीं मिल रही है । उनका अभी भी पुनर्वास नहीं हो रहा है । यह यवतमाल में आये हुए सिन्धी है । मेरी प्रार्थना है कि उनकी तरफ भी आपको ख्याल करना चाहिये ।

एक और महत्व की बात मैं कहना चाहता हूं । जो क्लेम्ज़ एक्ट था वह 1953 में लप्स हो गया। कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने नियत मुद्दत में अपने क्लेम नहीं दिये या दे नहीं सके । टैक्नीकल डिफिकल्टी के कारण उनके केसिज कंसिडर नहीं हो रहे हैं । पार्टिशन क कारण जो उनकी हालत खराब हुई है उसको देखना चाहिये जैसा कि अभी मेरे भाई ने सुझाव दिया है रिहैबिलिटेशन के सवाल को अगर आप कुछ हद तक ले सकते हैं, क्लेम्ज़ के सवाल को अगर आप कुछ हद तक ले सकते हैं तो लेने की आपको कोशिश करनी चाहिये । अगर एसा हो गया तो जिन लोगों ने अपनी एप्लीकेशंज़ क्लेम्ज़ एक्ट के समय में नहीं दी है उनको भी एप्लीकेशंज़ देने में सहूलियत हो जाएगी, ऐसा करने का उनको भी चांस मिल जाएगा । यवतमाल के भगवान दास, सचानन्द गजन मल आदि सैंकड़ो लोंगों की एप्लीकेशंज़ मेरे पास आई है । जिन लोगों की जमीने पाकिस्तान में रह गई हैं और जिन की एप्लीकेशंज़ क्लेम्ज़ के लिए टैकनीकल ग्राउंड पर नही ली जा रही हैं उनको मौका दिया जाना चाहिए कि वे उनको दे सकें । मैं यह भी चाहता हूं कि रिहैबिलिटेशन के जो केसिज़ हैं उनको भी जल्दी से निपटाया जाना चाहिय ।

SHRI DHIRESWAR KALITA (Gauhati): I cannot accept this Amendment Bill. In 1954 certain rehabilitation grants were given in excess of the property valuation and some lands were mortgaged. Now after 13 years, the Government has come out with an Amendment Bill to realise that money from the poor refugees. The hon. Minister said that the cases of 23,000 persons were there and the money involved was nearly Rs. 40 lakhs or something like that. It was a very big amount for Government to realise from these poor persons as arrears of land revenue. They had already been victims once, and now after thirteen years I do not find any justification on the part of Government to realise this money from them as arrears of land revenue. So, I feel that Government should withdraw this measure.

Secondly, I would like to submit that the Government of India are thinking of realising these sums as arrears of land revenue from the West Pakistan refugees. But what is the law in the eastern region? Let me cite some examples. The West Bengal Rehabilitation Minister, Mr. Niranjan Sen Gupta has sought the intervention of the Prime Minister Shrimati Indira Gandhi to resolve the existing deadlock in connection with the rehabilitation of refugees. In a letter to the Prime Minister, Mr. Sen

Gupta has drawn her attention to the fact that over 3 million refugees who had come to West Bengal before 1964 and about 6 lakhs refugees who had migrated later on still remain unrehabilitated. This vast mass of displaced persons was causing a serious social and economic problem to the State. The letter says that 49,000 applications for grant of homestead lands were pending before Government since 1963. Another 40,000 displaced persons who had been staying in different transit camps were being denied of facilities of education and medical relief as the camps had been closed by the Union Government. The children of 27,000 displaced persons now staying in permanent liability homes were also being debarred from educational grants owing to a policy pursued by the Union Government. After the Third Plan, medical grant for maintenance of 600 hospital beds for the treatment of refugee TB patients had been withdrawn, the letter added. This is the condition in West Bengal.

In Assam, in one single camp namely Matia camp in the Goalpara district, there are 40,000 refugees still lying without any settlement. In Bamunigaon camp there are more than one thousand refugees who are still there without any settlement. Recently, there has been a further influx of refugees from East Pakistan into Cachar In this way, in West Bengal and Assam, thousands of refugees are still remaining unsettled. The Government of Assam have said that they cannot. settle more than 12,000 refugees in Assam, but the Government of India are pushing these refugees into Assam. They are not even getting a tent for their shelter. They do not even get the simple dole of Rs. 30 with which to maintain themselves. Under these conditions, the attitude of the Government of India towards the refugees is not helpful at all. So, when Government want to amend the Act to enable them to realise some excess money which was given to these poor refugees, I would submit that I cannot accept and I cannot commend it. I hope Government will think in terms of relief and rehabilitation in a better way in order to settle these refugees.

Thirdly, Government should also see that further influx of refugees does not take place into India. For this purpose, the tension between India and Pakistan must be lessened. Towards that end, we must work out a suitable policy so that further influx of refugees from East or West Pakistan does not take place into India and besides a political settlement must also be arrived at between the Government of India and the Govrnemnt of Pakistan.

**श्री बसवन्त** (भिवंडी) : सभापति महोदय, पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों के मुआवजे और पुनर्वास के सम्बन्ध में जो विधेयक सदन के सामने है वह पंजाब हाई कोर्ट के एक फैसले के कारण लाना पड़ा है। जो विस्थापित व्यक्ति पाकिस्तान में अपनी जायदाद को गिरवी रख कर आए हैं इस बिल के द्वारा उनके मुआवजे से गिरवी की रकम को डिडक्ट करने की व्यवस्था की जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुझे कुछ आशंका हो रही है। इस बात की जांच-पड़ताल जरूर होनी चाहिए कि जिस व्यक्ति ने वहां पर कोई जायदाद गिरवी रखी थी उस ने गिरवी की रकम में से कितना पैसा दे दिया और कितना बाकी रहा। इस के अलावा यह भी देखा जाना चाहिए कि वह गिरवी कानूनी तौर पर ठीक है या नहीं। जिस तरह से पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों ने वहां गिरवी रखी वैसे ही वहां के लोगों ने भी गिरवी रखी होगी। इन दोनों का फैसला एक साथ होना जरूरी था।

मैं आप के माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान उल्हासनगर कैम्प की ओर दिलाना चाहता हूं। बीस साल पहले वहां पर जो कैम्प

[श्री बसवन्त]

स्थापित किया गया उस में करीब करीब पन्द्रह हजार फैमिलीज को बसाया गया । स्टेट गवर्नमेंट ने पांच लाख रुपये व्यय कर के उन लोगों को वहां पर बिठा दिया । लेकिन उन की दुकानों का मामला अभी वैसे ही पड़ा हुआ है । मैं ने माननीय मंत्री श्री चव्हाण का ध्यान दो तीन मर्तबा उस तरफ दिलाया है । उन्होंने खुद जा कर उस कैम्प आदि को देखा है । लेकिन इस बारे में अभी तक फैसला नहीं हो पाया है । इन बीस बरसों में उन लोगों को पक्के मकान या दुकान के लिए जगह दे दी जानी चाहिए थी । इस तरफ जरूर ध्यान दिया जाना चाहिए । आज वे लोग सोचते हैं कि पता नहीं कितने साल उन को झोंपड़ी में रहना पड़ेगा ।

जब वहां पर पहली मरतबा टाउन प्लान बनाया गया तो रोड मार्जिन 120 फीट का रखा गया था जिसके कारण कोई भी आदमी अपना मकान नहीं बना सकता था । रोड मार्जिन की वजह से वहां पर कठिनाई खड़ी हो गई है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर उल्हास नगर के प्लाटों, मकानों और जगहों के दाम का सवाल जल्दी से जल्दी हल कर दिया जायेगा तो उन लोगों को अपने निजी मकान बनाने में आसानी होगी ।

**MR. CHAIRMAN:** May I request Members not to go much beyond the scope of the Bill? The scope of the Bill is limited only to the validation of certain executive acts and compensation to the displaced persons of Punjab and we are going much beyond it. So I would request Members to bear this in mind.

**श्री भोला नाथ** (अलवर) : सभापति महोदय, मैंने भी इस बिल में एक संशोधन पेश किया था । आपने आदेश दिया है कि जिन बातों का इस बिल से अधिक सम्बन्ध नहीं है उनका जिक्र न किया जाये । लेकिन मैं यह समझता हूं कि इस विषय से सम्बन्धित बातों का उल्लेख इसी समय करना चाहिये । मेरे संशोधन को सिर्फ इस वजह से नामन्जूर कर दिया गया है कि इस बिल से वह सम्बन्धित नहीं हैं ।

हम सब देख रहे हैं कि शरणार्थियों को बसाने के सम्बन्ध में जो समस्या है वह बीस वर्ष के बाद भी हल नहीं हो पाई है । अलवर और भरत पुर के जिले से कुछ मेव लोग चले गये थे । बाद में महात्मा गांधी के प्रयत्नों से वे लोग वापस आ गये । जिन मकानों को मेव लोग छोड़ कर चले गये थे इस दरम्यान वे में मकान शरणार्थियों को दे दिये गये । लेकिन बाद में मेव लोग भी वापस आ गये । नतीजा यह है कि शरणार्थियों को जिन मकानों में बसा दिया गया, उनस उन मकानों का किराया वसूल किया जा रहा है । जो मेव वापस आ गये उनको अपने मकान नहीं मिले । उनको जो आल्टरनेटिव अकामोडेशन दी गई उनसे उसका किराया वसूल किया जा रहा है । इस तरह से हमारे यहां बड़ा भारी तूफान मचा हुआ है । वर्तमान व्यवस्था से न तो शरणार्थी खुश हैं और न मेव ही खुश हैं । मेव लोगों के जो बड़े-बड़े पक्के मकान थे वे दूसरों को अलाट कर दिये गये लेकिन उन लोगों को कोई कम्पेन्सेशन नहीं मिला । मैंने अपनी एमेंडमेंट के द्वारा मंत्री महोदय से यह प्रार्थना की थी कि इस समस्या पर भी विचार किया जाये । बीस वर्ष का अरसा हो गया है, लेकिन अभी भी यह समस्या उलझी हुई है ।

आज रिहैबिलिटेशन डिपार्टमेंट की तरफ से उन लोगों को पिछले पन्द्रह बीस वर्ष के किराये के नोटिस दिये जा रहे हैं । वे एमाउण्ट बहुत बड़े हैं । हमारे शरणार्थी भाई भी पाकिस्तान में अपने-अपने मकान छोड़ कर आये हैं । अगर उनको कोई आल्टरनेटिव एकामोडेशन दी गई है, तो उस

का किराया वसूल करने का सवाल पैदा नहीं होना चाहिए। उस समय की सरकार ने, जिसमें हम लोग भी थे, उन लोगों को वहां पर बसाया था। अब उन से पिछली तारीखों से किराया वसूल किया जा रहा है। जो मेव वापस आ गये, उनको भी खाली मकानों में बसा दिया गया। अब उनसे किराया वसूल किया जा रहा है, जबकि उनकी अपनी होल्डिंग और मकान आदि वापस नहीं कराए गए और न ही उनको मुआवजा दिया गया।

इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि इस समस्या पर फिर से विचार किया जाये। शरणार्थियों को बसाने की यह समस्या बीस वर्ष से चली आ रही है। अब इस समस्या को खत्म कर देना चाहिए। खास कर उन इलाकों में, जहां यह समस्या खत्म हो चुकी है और वे लोग बस चुके हैं, इस तरह से किराये के नोटिस भेजना, डिग्री निकालना और किराये को लैण्ड रेवेन्यू की तरह वसूल करना बड़ी ज्यादती है। मेरा निवेदन है कि इस बारे में फ़ैसला होना चाहिए।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री मुहम्मद इस्माइल** (बेरकपुर) : चेयरमैन साहब, मिनिस्ट्री को बहुत दिनों के बाद यह खयाल आया है कि जिन रिफ्यूजीज ने अपनी जायदाद पाकिस्तान में गिरवी रखी थी, उसकी रकम उनके मुआवज़े से वसूल की जाये। कुछ कानूनी पाबन्दियों की वजह से वह रकम वसूल नहीं की जा सकती थी। इसी लिए यह बिल लाया गया है। मेरी राय यह है कि इस वक्त उन लोगों से एरियर्ज़ वसूल करने का सवाल नहीं उठना चाहिए, क्योंकि इस में ग़लती तो डिपार्टमेंट की है। जब यह मामला हाई कोर्ट में गया, तो डिपार्टमेंट को पता चला कि वह उन लोगों से एरियर्ज़ वसूल नहीं कर सकता है। इसलिए मेरा कहना है कि अब इतने अरसे के बाद उनसे एरियर्ज़ वसूल न किये जायें।

वेस्ट बंगाल में पाकिस्तान से आये हुए डिसप्लेस्ड पर्सन्ज के रीहैबिलिटेशन का मसला बहुत बड़ा और अहम है। उन रिफ़्यूजीज को हमारे यहां जगह देने की जिम्मेदारी राजनीतिक तौर पर सरकार की है। लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि उसकी तरफ़ से ऐसा तरीक़ा अख्त्यार किया गया कि वेस्ट बंगाल में करीब-करीब तीस चालीस लाख डिसप्लेस्ड पर्सन्ज का रीसेटलमेंट आज तक नहीं हो पाया है। वहां पर जो कैम्प कायम किये गये थे, उनको डिसबैंड कर दिया गया। वहां पर उन लोगों को जो डोल्ज पैसे, मिलते थे, वे बन्द कर दिये गये। रहने की जगह भी उन लोगों से छिन गई। नतीजा यह है कि आज वे लोग बिना खाने और रहने की जगह के मारे मारे फिर रहे हैं।

रीहैबिलिटेशन डिपार्टमेंट की तरफ़ से एक वन हुगुली टैनेमेंट स्कीम बनाई गई थी, ताकि रिफ़्यूजीज वहां पर रहें। वे मकान पांच सात बरस से बन चुके हैं, लेकिन आज कोई भी यह नहीं जानता है कि कोई उन में रहता है या नहीं। हालांकि वहां पर हज़ारों आदमी रह रहे हैं, लेकिन उनसे किराया लेने वाला कोई नहीं है। यह भी कोई नहीं जानता कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि डिसप्लेस्ड पर्सन्ज के सिलसिले में वेस्ट बंगाल के साथ इतनी लापरवाही बरती जा रही है।

जैसा कि मैंने अभी कहा है, वेस्ट बंगाल के लिए सबसे बड़ा ममला डिसप्लेस्ड पर्सन्ज का है, जिसकी वजह से वहां पर हमारी सरकार को काम करना मुश्किल हो रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार और मिनिस्ट्री को खास तौर से इस मसले की तरफ ध्यान देना चाहिए। उन लोगों को बसाने के सिलसिले में एन्क्वायरी करने के लिए फिलहाल एक कमेटी बनाई गई है लेकिन इससे पहले प्रान्तीय सरकार ने कई रीकमेंडेशन्ज किये, कई सिफ़ारिशें भेजीं उन सिफ़ारिशों पर कोई अमल नहीं किया गया। यहां

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

तक कि जो एक कमेटी गवर्नमेंट ने बिठायी है उसकी भी रेकमेंडेशन है कि फौरन कुछ न कुछ इस पर अमल किया जाए लेकिन उस पर भी कुछ नहीं हुआ। जहां रिफ्यूजीज़ रहते हैं उनकी कालोनीज के पास पानी, टट्टी का और एक मार्केट बनवाने का म्यूनिसिपेलिटी ने निश्चय किया और उसके लिए प्रस्ताव भी पास किया। वहां रेलवे की थोड़ी सी जगह है जो बेकार पड़ी है। म्यूनिसिपैलिटी ने मार्केट बनवाने के लिए उसको मांगा ताकि रिफ्यूजीज़ को खरीद-फरोख्त करने के लिए दूर न जाना पड़े लेकिन वह अब तक नहीं हो सका। जहां उन की कालोनी है वहां रेलवे का एक हाल्टिंग स्टेशन नवापाड़ी में बनाने की उन्होंने मांग की, कई हजार आदमियों ने उस पर दस्तखत किए लेकिन आज तक वह हाल्टिंग स्टेशन नहीं बना। रेलवे की तरफ से कोई ध्यान उसके ऊपर नहीं दिया गया। यह तमाम बातें हैं जिन को कि आज मैं यहां सदन में रखना चाहता हूं। इसी के साथ-साथ बहुत से ऐसे इदारे हैं, बहुत सी ऐसी संस्थाएं हैं जिसमें उनको मदद मिलती थी। उन को भी करीब करीब बन्द करते जा रहे हैं। स्कूलों में भी यही हो रहा है। कालेजों में और ट्रेनिंग सेंटर्स में ऐसा हो रहा है कि अपरेंटिसशिप में बहुत से लड़कों को वहां रखा गया ट्रेनिंग में। मगर ट्रेनिंग के बाद कुछ लोगों को तो रख लिया गया और बाकी को सर्टिफिकेट देकर वापस किया जा रहा है कि जाओ, तुम्हारी ट्रेनिंग खत्म हो गई, अब अपने लिए नौकरी अपने आप खोजो। नवजवान रिफ्यूजीज़ के लड़के इस तरह मारे-मारे फिर रहे हैं। यहां इच्छापुर के लिए डिफेंस डिपार्टमेंट में दरख्वास्त दी गई। यहां तक कि स्ट्राइक का नोटिस भी दिया कि क्यों हमें अपरेंटिस बनाया गया। वहां पर इच्छापुर में ट्रेनिंग सेंटर खोला गया। कहा गया कि डिस्प्लेस्ड परसन्स के लिए यह किया जा रहा है। ट्रेनिंग में बच्चे आये लेकिन उसके बाद उन के काम का कोई बन्दोबस्त नहीं। खाली सर्टिफिकेट देकर उन्हें भगाया जा रहा है। यह तमाम चीजें ऐसी हैं कि जो आप के विचार में आनी चाहिए और खास तौर पर रिहैबिलिटेशन मन्त्रालय इसके ऊपर ध्यान दे। मैं रेलवे मन्त्री से कहूंगा कि दया कर के बंगाल के उस हिस्से में जो रहते हैं उनके लिए एक हाल्टिंग स्टेशन नवापाड़ा में बनाने की मंजूरी दें और थोड़ा सा लैंड है जो बिल्कुल बेकार पड़ा है, वह रेलवे विभाग म्युनिसिपैलिटी को दे दे जिस के लिए कि म्युनिसिपैलिटी ने मार्केट बनाने की रेकमंडेशन की है। एक वर्ष से इसके लिए कहा जा रहा है लेकिन आज तक कोई इसका ख्याल नहीं हुआ। इस तरह से अगर नेगलेक्ट उनको किया गया और लापरवाही बरती गई तो डिस्प्लेस्ड परसन्स के लिए जिसकी कि जिम्मेदारी पूरी पूरी हमारे देश के ऊपर और हमारी सरकार पर है, यह मुनासिब नहीं है। मैं यह चाहूंगा कि इस तरह की दो तरफा बातें उनके लिए नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं को हल करने के ऊपर पूरा पूरा ख्याल किया जाना चाहिए।

SHRIMATI JYOTSNA CHANDA (Cachar): Why is this Bill meant only for the West Pakistan refugees? My has a discrimination been made against the East Pakistan refugees and why are they not brought under this Bill?

MR. CHAIRMAN: It is only a question.

SHRIMATI JYOTSNA CHANDA: Because you will say that it does not cover the East Pakistan refugees. If it covers the East Pakistan refugees also, I shall speak a few words. Perhaps the Government knows that so many displaced persons are tottering in the Cachar district. Most of the migrants are still in camps and no scheme has been drawn up to rehabilitate them there or take them to Dandakaranya. I would request the Government to take up measures and schemes so that they can be rehabilitated. A long time ago, I had suggested that the refugees of Cachar should be rehabilitated on both sides

of the railway track so that the Naga aggression could be stopped.

I wanted to say one thing more. Some of the refugees in the district of Cachar have rehabilitated themselves by paddy cultivation on the fallow land in Cachar, but they have not been given any settlement up till now, though they have approached the Assam Government. I hope the Central Government would request the Assam Government to expedite the matter so that they can be rehabilitated there.

**श्री रवि राय** (पुरी) : चेयरमैन साहब, यह जो विस्थापित लोगों को मुआवजा देने के सिलसिले में बिल लाया गया है मंत्री महोदय की तरफ से उसके सिलसिले में हमारे एक दोस्त अभी बता रहे थे हम को कि भारत सरकार की इस समस्या के सम्बन्ध में जो नीति है उस नीति के चलते डिस्प्लेस्ड परसन्स मिस्प्लेस्ड हो गये हैं। मैं एक बुनियादी सवाल की तरफ आप का ध्यान खींचना चाहता हूं कि जो परिवार पूर्वी बंगाल से आये हैं या पश्चिमी पाकिस्तान से आये हैं यह लोग हिन्दुस्तानी हैं और जिस निर्दयता के साथ और सहानुभूतिविहीनता के साथ इन लोगों के प्रति सरकार ने बर्ताव किया है पिछले 20 वर्षों में उसका दर्दनाक किस्सा चेयरमैन साहब, आप को मालूम है। सरकार की ओर से जब महाबीर त्यागी जी इसके मंत्री थे उस वक्त आप जानते हैं कि दण्डकारण्य को लेकर कैसी कैसी धांधलियां और क्या क्या चीजें हुई हैं। पूर्वी बंगाल से शरणार्थी और विस्थापित लोग दण्डकारण्य में बसाने के लिये भेजे गये। उड़ीसा, मध्य प्रदेश और आन्ध्र से जमीन ले कर जो दण्डकारण्य बना तो वहां करोड़ों रुपया खर्च करने के बाद भी इन लोगों की समस्या का हल नहीं हो सका। आज भी मैं एक किस्सा आप के सामने बताना चाहता हूं कि मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में घूम रहा था; मैं पुरी से आया हूं, वहां पुरी में एक औरत रानी देवी मुझे मिली जो उड़ीसा की बाशिंदा है और पंजाब में उसने शादी की थी। आज 20 साल के बाद भी हमारे सामने वह रोई और उसने सारे कागजात दिखाये। रानी देवी ने हम को बताया कि जब वह पश्चिमी पाकिस्तान से 1948 में पुरी चली आई तो तब से वह कोशिश करती आ रही है उड़ीसा सरकार के जरिये, प्रधान मंत्री को लिख कर के और पुनर्वास मंत्री को लिख कर के कि हमारी वहां पर बहुत जायदाद थी, उसका मुझे मुआवजा दिया जाय लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने इतनी सारी फाइल हमारे सामने रखी तो हम ने जयसुख लाल हाथी को चिट्ठी लिखी और जयसुख लाल हाथी ने वादा किया कि वह इसकी जांच करायेंगे। यह मैं आप को बता रहा हूं कि इस तरह की एक औरत है। उसका कोई लड़का या लड़की नहीं है। अकेली है। पति उसका मर चुका है। उसके पास सेटिलमेंट के किसी आफिसर ने जा कर कहा कि तुम हम को 300 रुपये दो तो मैं तुम्हारे बारे में छानबीन करूंगा। वह बोली कि मेरे पास खाने के लिये भी पैसा नहीं है तो मैं कैसे दे सकती हूं ? इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि सिर्फ मुआवजा देने का सवाल नहीं है। व तो है ही। लेकिन जो लोग बेकार हैं जो बाकायदा वहां से आये हैं, 20 साल से अपने परिवारों को चला नहीं पा रहे हैं क्योंकि बेकार रहते हैं उनके लिये खास कर के पुनर्वास विभाग के जो मंत्री हैं उनका फर्ज हो जाता है कि एम्पलायमट एक्सचेन्ज में उनका नाम दर्ज करके नौकरियों में उनको प्राथमिकता दी जाय तथा उनके गुजर-बसर के लिये, जिन्दगी चलाने के लिये सरकार की ओर से कुछ व्यवस्था होनी चाहिये। हमें यह भी देखना चाहिये कि बेरहमी के साथ, निर्दयता के साथ उनके साथ बर्ताव न किया जाय, सहानुभूति और ममता के साथ उनके साथ बर्ताव किया जाय। मैं खास तौर से मंत्री महोदय का ध्यान इस प्रकार के केसेज की ओर दिलाना चाहता हूं,

[श्री रबी राय]

इस प्रकार की औरतें जो बूढ़ी हैं, जिनका कोई नहीं है, जिनके पति मर चुके हैं, उनके लिये व्यवस्था की जाय ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : चेयरमैन साहब, इस बिल से जो उजड़े हुए भाई हैं, वे और उजड़ेंगे । गवर्नमेंट का यह फर्ज था कि जितना भी इन भाइयों का नुक्सान हुआ है, चाहे वे पाकिस्तान से आये हैं या मगरबी पंजाब से आये हैं, कम से कम रुपये में आठ आने तो उनको मुआवज़ा देती । चेयरमैन साहब, आप जानते हैं, आप खुद उजड़े हुए भाइयों में से एक हैं और मैं भी उस स्टेट से आता हूं जहां उजड़े हुए भाई ज्यादा तादाद में बसे हुए हैं, एक रुपये मे पांच पैसे भी उन को नहीं मिले । अगर गवर्नमेंट एक रुपये मे से 90 पैसे भी उनको देती, 80 पैसे देती, 70 पैसे देती, तो भी वे काट लेते, जमीन की जगह जमीन में काट लेते, मकान की जगह मकान में काट लेते और नहीं देते तो लैंड रेवेन्यू में वसूल कर लेते, लेकिन जबकि उनको कुछ भी नहीं दिया गया, तो सरकार का कौनसा इखलाकी फर्ज है, सामाजिक फर्ज है, सियासी फर्ज है, इनको कौन सा हक़ है कि जिन आदमियों का इतना नुक्सान हुआ है और जिनको बदले मे कुछ नहीं मिला, एक फीसदी या दो फीसदी भी नहीं मिला, उनसे आप और काटे जा रहे हैं । अरबों रुपये की जायदाद वे पाकिस्तान मे छोड़ कर आये हैं, उन मे से उनको क्या मिला, यह सब हम जानते हैं ।

चेयरमैन साहब, जब बरसों से इन से एक पैसा वसूल नहीं किया गया तो कानूनी तौर पर मैं नहीं समझता कि अब आप इनसे कैसे वसूल कर सकते हैं । जब 10–15 साल से आपने वसूल नहीं किया, तो लिमिटेशन एक्ट के मुताबिक तो तीन साल से ज्यादा मियाद हो जाती है तो उसको वसूल नहीं कर सकते । ऐसे केसेज हैं जिनमें सन् 1947 के पहले के रहन हैं, सन् 1947 को ही 21 साल हो चुके हैं, 40–40 साल से रहन हैं, तो हमें देखना होगा कि जब मोर्टगेजेज एक्ट के मुताबिक तीन साल से ज्यादा हो जाता है, तो वह लिमिटेशन से बाहर हो जाता है, तो हम इन से कैसे वसूल कर सकते हैं । जब उन लोगों को हम रिलीफ़ नहीं दे सकते, तो इस तरह से रेहन के लिये कानन बना कर उनसे रिक्लाइज करें, यह गलत है और मैं इसके खिलाफ़ हूं । चाहे यह चीज कांग्रेस की तरफ़ से हो, या गवर्नमेंट की तरफ से हो यह चीज ऐसी है जो इखलाकी तौर पर मुनासिब नहीं है । ये चलती-फिरती लाशें हैं, लेकिन बहादुर आदमी हैं, मगरबी पंजाब से या पाकिस्तान से आने के बाद इन्होंने अपनी मेहनत से अपने आपको आबाद किया, सरकार की इसमें कोई मदद नहीं है । ऐसे आदमी जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया, जिन्होंने अपने बीवी बच्चों को वहां पर कुर्बान कर दिया, ये ज़िन्दा शहीद हैं, जो भगत सिंह की याद को ताज़ा करते हैं । चाहे वे वहां से आकर शहरों मे आबाद हुए या देहातों मे आबाद हुए, अपनी मेहनत से आबाद हुए, सरकार से इनको कुछ नहीं मिला है, जो कुछ कमाया है, अपनी मेहनत से कमाया है ।

सरकार का यह मौरल फर्ज था कि इनको रिहैबिलिटेट करती, बजाय उसके आप इसलिये यहां पर आये हैं कि हमें कुछ डाक्यूमेंट मिल गये हैं, यह चीज़ रेहन थी, इसलिये आप उनसे वसूल करना चाहते हैं । आप किस चीज़ से जाहिर करेंगे कि यह चीज़ रेहन थी, वह दस्तावेज़ वहां से नहीं आ सकते, क्या कानूनी तौर पर कोई दस्तावेज़ है, डाक्यूमेन्ट है, जिससे आप यह जाहिर कर सकें कि यह प्रापर्टी मोर्टगेज्ड थी, इसमें एक लार्ज-स्केल कन्फ्यूज़न होगा । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो पहले ही उजड़े हुए हैं

उनको और मत उजाड़ो । जब गवर्नमेन्ट ने दस हजार केसेज या पांच हजार केसेज में या 100 केसेज में भी पेमेन्ट नहीं किया तो इखलाकी तौर पर किस कानून के तहत आप उनसे रियलाइज करना चाहते हैं ।

जनाब, मेरी स्टेट में और पंजाब में इस बिल का बहुत ज्यादा इफेक्ट होगा, मास-स्केल पर इफेक्ट होगा । इसलिये मैं इसके सख्त खिलाफ़ हूं और मैं चाहता हूं कि जो हो गया, वह हो गया, अब इसको वापस ले लें, इसका असर अच्छा नहीं होगा । जिन्होंने देश के लिये कुर्बानियां की हैं, देश के लिये अपनी जायदाद बरबाद कर दी है, एक-एक कुनबे में दस-दस आदमी कत्ल हो गये, अपनी कोशिश से, बहादुरी से रिहैबिलिटेट हो गये, उन पर आप क्यों कुठारा चलाते हैं । मैं आप को यह भी अर्ज कर दूं कि कानूनी तौर पर इस कानून को चेलेन्ज किया जायेगा 226 के अन्दर, चाहे चले या न चले, लेकिन सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले को उठाया जायेगा ।

कानूनी तौर पर और इखलाकी तौर पर मैं इस बिल को उन उजड़े हुए भाइयों के खिलाफ़ समझता हूं और चूंकि यह पालियामेन्ट सारे देश की नुमाइन्दा है, मैं आपसे दरख्वास्त करता हूं कि आप इस को वापस लें और इस किस्म की कोई चीज न करें जोकि वाजिब नहीं है ।

श्री अ० सिं० सहगल (बिलासपुर) : चेयरमैन महोदय, इस बिल के बारे में मैं यह निवेदन करूंगा कि हमें यह देखना है कि एक कमेटी जो गाडगिल एशोरेन्स कमेटी के नाम से बनाई गई थी, उसकी एशोरेन्सेज को हम ने कहां तक फुलफिल किया है । अगर हमारी सरकार ने उसकी एशोरेन्सेज को फुलफिल किया है, उनको मान्यता दी है, उसके मुताबिक कार्य किया है, तो बेशक इनको हक है कि हम से पैसा वसूल कर सकते हैं । आज बेचारे और पंजाब के दूसरे इलाकों की क्या हालत है आपको मालूम है, 18-20 सालों के बाद अगर आप इस तरह की चीज को ले कर आते हैं और चाहते हैं कि हम से पैसा वसूल करें, तो यह कहां का न्याय होगा ?

मैं आपके जरिये कहना चाहता हूं कि जो लोग वहां से उजड़ कर आये हैं आज उनकी क्या हालत है, हमें इस चीज को देखना होगा, उनके बच्चों की क्या हालत है, आज हम उनको पढ़ा भी नहीं सकते हैं, जितना इन्तजाम हमें उनके लिये करना चाहिये था वह हमने नहीं किया है, इसके लिये कौन जिम्मेदार है । इस डिपार्टमेंट के मंत्री महोदय यहां पर बैठे हुए हैं, मैं उनसे एक सवाल करना चाहता हूं कि आपके पास कितनी दरख्वास्तें इस तरह की पड़ी हुई हैं और आपने उन पर क्या कार्यवाही की है और कितनी उन लोगों की मदद की है । यदि आप ने मदद की है तो ठीक है, लेकिन आज के दिन भी आपके पास इतनी दरख्वास्तें मौजूद हैं कि आप कुछ नहीं कर सकते हैं । अगर हम किसी से कोई वायदा करते हैं, कोई कमेटी बनाते हैं और वह कहते हैं कि हम उस कमेटी की राय पर चलेंगे, हम यह विश्वास दिलाते हैं कि हम उस कमेटी की राय के मुताबिक चलेंगे, लेकिन बाद में अगर हमारी सरकार उस वायदे पर नहीं चलती, तो हम अविश्वासी माने जायेंगे और हमारा कोई हक़ उन पर नहीं रह जायेगा ।

